कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 31-01-2025

विषयः- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा महाकुंभ-2025 के दौरान काशी में आये श्रद्धालुओं के सहज, सुरक्षित व व्यवस्थित दर्शन हेतु भ्रमण/निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिये गये निर्देश।

➢ महाकुंभ-2025 के दृष्टिगत श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा/यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त ने भ्रमण/निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।

➢ पुलिस आयुक्त ने स्नान घाट का भ्रमण कर सुरक्षित नौ-संचालन के लिए जारी किये निर्देश-

- बिना लाईफ जैकेट पहने कोई भी न हो नौका पर सवार यदि नौका पर बिना लाईफ जैकेट सवार मिला तो सम्बन्धित नौका को सीज कर की जायेगी वैधानिक कार्यवाही।
- नौका की निर्धारित क्षमता से कम ही बैठाये सवारी, ओवर लोडिंग न करें।
- सूर्यास्त के बाद नहीं होगा नौका का संचालन।
- सुरक्षित नौका-संचालन हेतु NDRF, जल पुलिस व पीएसी की फ्लड कम्पनी है तैनात।
- गंगा नदी में नौका के आने जाने के निर्धारित मार्ग पर ही करें नौका का आवागमन।
- सुरक्षा के दृष्टिगत 25 सवारी तक की क्षमता वाली छोटी नौका का संचालन किया गया प्रतिबन्धित।
- श्रद्धालुओं से निर्धारित किराया से अधिक वसूलने पर की जायेगी कार्यवाही।

➢ भीड़ प्रबन्धन हेतु सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से की जा रही है निगरानी, आवश्यकतानुसार किया जाय डायवर्जन।

➢ श्रद्धालुओं के सहज, सुगम व व्यवस्थित दर्शन हेतु ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों को भी किया गया ब्रीफ।

➢ सुगम यातायात व्यवस्था हेतु यातायात पुलिस द्वारा जारी की गयी एडवाजरी का हो सख्ती से अनुपालन।

आज दिनांक 31.01.2025 को **पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल** द्वारा महाकुंभ-2025 के दृष्टिगत श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी संख्या के दृष्टिगत सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था हेतु श्री काशी विश्वनाथ धाम क्षेत्र व गंगा घाटों का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा घाटो का भ्रमण कर सुरक्षित नौका-संचालन हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस आयुक्त द्वारा श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण कर श्रद्धालुओं की सुगम दर्शन व्यवस्था का निरीक्षण किया गया व दर्शनार्थियों के सहज, सुरक्षित और व्यवस्थित दर्शन एवं मंदिर में लगातार मूवमेन्ट बने रहने के संदर्भ में सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यव्सथा) श्री एस0चन्नप्पा, पुलिस उपायुक्त काशी जोन श्री गौरव वंशवाल, अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन श्री सरवणन टी. एवं सम्बन्धित सहायक पुलिस आयुक्त व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।